dispensaries. 50 beds are also available at the Ramakrishna Mission T.B. Sanatorium of treatment to the workers.

Besides, 24 Ayurvedic dispensaries are also being run in the subsidiaries of Coal India Limited to provide indigenous system of treatment to the workers.

Every worker is subjected to a thorough medical check-up at the time of initial appointment. Thereafter he undergoes periodical medical check-up once in a block of 5 years. Recently it has been decided to provide Health Card with photograph for each miner for recording the compulsory rotational health check every three months.

Information regarding the names of the medical centres, mines-wise is being collected from the coal companies and will be laid on the Table of the House.

ठेकेदारों की लापरवाही के कारण कोयला परियोजनाओं का समय पर पूरा न होना

3281. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ठेकेदारों द्वारा लापरवाही बरते जाने के कारण कोयला परियोजनाएं निर्धारित समय में पूरा नहीं हो पा रही हैं;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) ठेकेदारों की लापरवाही के कारण कौन-कौन सी परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं और निर्धारित समयावधि में पूरी नहीं की जा सकी हैं; और

(घ) सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) से (घ) सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र में स्वीकृत कुछ चालू परियोजनाओं को, ठेकेदारों द्वारा कार्य की धीमी गति से निष्पादन किए जाने, जिससे या तो "टर्न-की" निष्पादन के अंतर्गत अथवा परियोजना निर्माण क्रियाकलापों के एक भाग के रूप में नियोजित किया गया था, उक्त परियोजनाएं निश्चित अवधि के अंदर पूरा नहीं की जा रही हैं। कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं/निर्माण कार्यों के नाम, जोकि ठेकेदारों द्वारा कार्य में विलंब किए जाने के कारण मुख्यतः लम्बित हुई हैं, उनका ब्यौरा नीचे दिया हुआ है :—

"टर्न-की" परियोजनाओं का कार्य निष्पादन :

1. मधुबंद वाशरी (भारत कोकिंग कोल लि.)।

2. *ग्रहीत विद्युत संयंत्र (भारत कोकिंग कोल लि.) मूनीडीह स्थित*

3. कथारा स्थित ग्रहीत विद्युत संयंत्र (सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लि.)।

4. काकरी ओपेनकास्ट स्थित कोयला रख-रखाव संयंत्र (नादर्न कोलफील्ड्स लि.)।

5. खादिया ओपेनकास्ट स्थित कोयला रख-रखाव संयंत्र (नादर्न कोलफील्ड्स लि.)।

6. सेन्ट्रल वर्कशाप स्थित, सिंगरौली की सिविल और स्ट्रक्चरल वर्क (नादर्न कोलफील्ड्स लि.)।

कोयला मंत्रालय में सम्पन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को "टर्न-की" आधार पर दिए गए निर्माण कार्यों के संबंध में नियमित रूप से समीक्षा संबंधी बैठकें की जाती हैं। कोयला कम्पनियों को अपने संविदा प्रबंधन संगठनों को सुदृढ़ीकृत करने की और उन्हें परियोजना क्रियान्वयन क्रियाकलापों की सामान्य रूप में और विशेष रूप में संविदा के मामले में घनिष्टतम तथा प्रभावी निगरानी रखने का सुनिश्चय किए जाने की सलाह दी गई है।